कलेक्ट्रेट परिसर से शहीद पार्क तक छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली



बहराइच। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया साथ ही राष्ट्रीय अखण्डता दिवस की गरिमा के रूप अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ जिसमें प्रभारी जिलाधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने अन्य प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी ।कार्यक्रम के दौरान सरदार पटेल के जीवनए व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश की विभिन्न रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनके दृढ़ संकल्पए नेतृत्व क्षमताए दूरदर्शिता एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण से आज भी सभी को प्रेरणा मिलती है ।इस अवसर पर प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने का उद्देश्य देश की एकताए अखंडता और सुरक्षा के प्रति प्रत्येक नागरिक को जागरूक एवं प्रतिबद्ध बनाना है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन हमें आपसी सद्भावए सामाजिक समरसता तथा राष्ट्रीय एकता का संदेश देता है। देश की प्रगति एवं विकास के लिए सभी नागरिकों का एकजुट रहना आवश्यक है। प्रभारी जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने तथा देशवासियों के बीच सद्भावए भाईचारे और एकजुटता की भावना को सुदृढ़ करने की शपथ दिलाई। सभी ने राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया ।अपर जिलाधिकारी अरूण कुमारए मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबेए नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसादए डिप्टी कलेक्टर अमिता यादव व सुश्री जैसमीन वर्मा सहित कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारी तथा कलेक्ट्रेट कर्मी मौजूद रहे।

एक नजर

सरदार पटेल जयंती पर डीएम ने अस्पताल में मरीजों को बांटे फल



अम्बेडकरनगर। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् प्रमोद कुमार के साथ जिला चिकित्सालय के एमसीएच विंग का निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती मरीजों को फल वितरित किए और उनसे बातचीत कर उपचारए स्वास्थ्य सुविधाओं एवं चिकित्सालय की व्यवस्थाओं की जानकारी ली ।निरीक्षण के दौरान अस्पताल में 90 ओपीडी दर्ज मिलीं जबकि 46 रक्त नमूनों की जांच की जा चुकी थी। जिलाधिकारी ने जच्चा.बच्चा टीकाकरण व्यवस्था का भी जायजा लिया और स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए ।मरीजों और तीमारदारों की अधिक भीड़ को देखते हुए उन्होंने सुरक्षा गार्डों को सुव्यवस्थित भीड़ प्रबंधन तथा मरीजों को असुविधा न होने देने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर में साफसफाई व्यवस्था संतोषजनक मिली। मरीजों ने उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर संतोष जताया।

बंदर-मानव संघर्ष रोकने को वन विभाग में बनेगी टास्क फोर्स

अम्बेडकरनगर। बंदर.मानव संघर्ष की बढ़ती समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने बंदरों से संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए वन विभाग में टास्क फोर्स गठित करने संपर्क के लिए मोबाइल नंबर जारी करने और इसका व्यापक प्रचार.प्रसार कराने के निर्देश दिए ।जिला गंगा समिति की बैठक में टोंस ;तमसाद्ध नदी में गिरने वाले नालों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए 15 दिन में बायोरेमेडिएशन की कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया। जलालपुर में तमसा नदी के किनारे 100 मीटर के दायरे में स्थित मकानों और निर्माण कार्यों का सर्वे कर अनधिकृत निर्माण पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए। इसके लिए राजस्व नगर पालिका और वन विभाग की संयुक्त टीम गठित कर अगली मासिक बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया ।जिला पर्यावरण समिति की बैठक में सभी संबंधित विभागों को जीवित पौधों के प्रतिशत से संबंधित जानकारी वन विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

एक्ट के वारंटी को सुल्तानपुर से किया गिरफ्तार

अम्बेडकरनगर।अपराधियों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अहिरौली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक वारंटी अभियुक्त को सुल्तानपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार न्यायालय से जारी गिरफ्तारी अधिपत्र के अनुपालन में यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान भोला 45 पुत्र जमुना प्रसाद निवासी करौदिया कोतवाली नगर सुल्तानपुर के रूप में हुई है। विरुद्ध अहिरौली थाने में वर्ष 2008 में दर्ज मुकदमा संख्या 1119/2008 में धारा 3.1यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज है। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हीरालाल सरोज और हेड कांस्टेबल अनिल सरोज शामिल रहे।

स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी विश्राम गृह में आयोजित हुई गोष्ठी

बहराइच। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकीकरण अनुभागए जिला प्रशासन एवं जिला सूचना कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी विश्राम कक्ष में आयोजित एक दिवसीय चित्र प्रर्दशनी एवं गोष्ठी के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रभारी जिलाधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी आश्रितों को अंगवस्त्र व गांधी टोपी भेंट कर सम्मानित किया। इस सरदार वल्लभ भाई पटेल के द्वारा देश की आज़ादी एकता व अखण्डता के लिए दिये गये योगदान को याद किया तथा सभी का आहवान किया कि पटेल जी के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हुए देश एकता और अखण्डता को अक्षुण बनाये रखने में अपना योगदान दें।

04 टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों एवं प्रतिष्ठानों पर की गई छापामारी की कारवाई

बहराइच। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. अमर सिंह वर्मा ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासनए उ.प्र.एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन बहराइच एवं अन्तर्जनपदीय टीमों द्वारा दीपावली त्योहार पर विशेष अभियान के अन्तर्गत 30 एवं 31 अक्टूबर 2026 को बड़े प्रतिष्ठानों पर औचक छापेमारी कर कार्यवाही की गयी तथा अन्य जनपदों से आने वाली बसों की भी तलाशी ली गयी। परन्तु बसों में खोया व अन्य खाद्य पदार्थ नहीं प्राप्त हुए। 04 टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों एवं प्रतिष्ठानों पर छापामारी की कार्यवाही करते हुए मेसर्स कृष्णा मिल्क एण्ड स्वीट्सए बहराइच से रसमलाई मेसर्स माखन भोग से रसगुल्ला सीता स्वीट्सए खत्रीपुरा बहराइचए एण्ड यादव मिष्ठान बशीरगंज बहराइच से खोयाए मेसर्स बीकानेर स्वीट्स हस्पिटल चौराहा बहराइच से बेसन हरीस स्वीट्स नगरपालिका बहराइच अनुपम स्वीट्स चौक बाजार बहराइच से खोयाए मेसर्स सतीश स्वीट्स कैसरगंज बहराइच तथा शुद्ध मिष्ठान भण्डार कैसरगंज बहराइच से बर्फी वर्मा मिष्ठान भण्डार पयागपुर बहराइच से रबड़ी बंगाली मिष्ठान भण्डार भिलौरा चौराहा बरगदही बहराइच से दूध बर्फी मेसर्स.बीकानेर स्वीट्स नानपारा बहराइच से बादाम बर्फी एवं गुड.गुड डेयरी नानपारा से बर्फी का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया।

छेड़-छाड़ की शिकायत करने पर मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। थाना इकौना क्षेत्र में छेड़खानी की शिकायत करने पर युवती के पिता और दादा के साथ मारपीट की गई। आरोप है कि हमलावरों ने उनका गला दबाया और लाठी-डंडे व ईंट से सिर पर हमला किया। पुलिस विभाग ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया है ।पुलिस के मुताबिक, 30 अक्टूबर को क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने में शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री के साथ छेड़खानी हुई थी। इसकी शिकायत करने पर विपक्षी पक्ष के लोग नाराज हो गए और विवाद करने लगे।आरोप है कि विपक्षियों ने शिकायतकर्ता और उनके पिता के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। शिकायतकर्ता ने थाने पहुंचकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर इकौना थाने में मुकदमा अपराध संख्या 215/2026 दर्ज किया। इसमें पॉक्सो एक्ट की धारा 9 एम/10 लगाई गई हैं।

धान खरीद की शुरूआत आज से

श्रावस्ती। प्रदेश में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत धान खरीद की शुरुआत 1 नवंबर से शुरू होगी तथा 28 फरवरी 2027 तक किया जायेगा। शासन द्वारा इस वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) भी तय कर दिया है। कॉमन धान का समर्थन मूल्य 2,441 रुपये और ग्रेड-ए धान का 2,461 रुपये प्रति क्विंटल होगा। किसानों को धान बेचने के 48 घंटे के भीतर भुगतान किया जाएगा। जनपद में 42 क्रय केंद्रों पर खरीद की जाएगी। जिसमें खाद्य विभाग के 10, पी0सी0एफ0 के 31 एवं भारतीय खाद्य निगम के 01 क्रय केन्द्र खोले गये है।

जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने धान खरीद के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी व मिलर्स के साथ बैठक करने के दौरान दी है। शासन द्वारा खरीद केंद्रों पर व्यवस्था बनाए रखने और किसानों को समय से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की सरकारी खरीद को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली जाए। इसके साथ ही उन्होने निर्देशित किया कि केन्द्रों पर बैनर के माध्यम से धान क्रय केन्द्र का नाम, खरीद एजेन्सी का नाम, न्यूनतम समर्थन मूल्य, गुणवत्ता मानक, क्रय केन्द्र प्रभारी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी/अपीलीय अधिकारी एवं क्रय संस्था के जनपद स्तरीय अधिकारियों का नाम व मोबाइल नम्बर, यू0पी0 किसान मित्र ऐप को डाउनलोड किये जाने हेतु क्यू0आर0 कोड, शिकायत निवारण प्रणाली का विवरण एवं टोल-फ्री नंबर 18001800150 आदि सूचनाओं का प्रदर्शन अनिवार्यत: किया जायेगा।

विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात

गोण्डा। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ दो नवंबर को गौरा विधानसभा क्षेत्र के तेजपुर स्थित सिंगारघाट पहुंचेंगे। सुबह 10 बजे आयोजित विशाल जनसभा में मुख्यमंत्री विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश ने आयोजन की तैयारियों के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। प्रस्तावित जनसभा स्थल पर कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन गई है। मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मैदान में मंच निर्माण, जनसभा स्थल और पार्किंग सहित अन्य तैयारियों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित कर क्षेत्रवासियों को विकास परि योजनाओं की सौगात देंगे। प्रशासन की ओर से कार्यक्रम को व्यवस्थित और सफल बनाने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार राजक, क्षेत्राधिकारी उदित नारायण पालीवाल, थाना प्रभारी उमेश कुमार, गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा के पुत्र प्रशांत पटेल, बीडीओ अभय कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बाउंड्री निर्माण को लेकर विवाद ट्रैक्टर से पिलर तोड़ने का आरोप

गोण्डा। करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर गढ़वार गांव में भूमि पर बाउंड्री निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विरोध करने पर ट्रैक्टर से निर्माणाधीन पिलर तोड़ दिए गए। इसके बाद घर में घुसकर एक ही परिवार के तीन लोगों की लाठी-डंडों से पिटाई की गई। घटना में एक महिला को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है ।गांव निवासी दीपचंद के मुताबिक, शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे वह अपनी भूमि पर मजदूरों और मिस्त्री की मदद से बाउंड्री का निर्माण करा रहे थे। इसी दौरान अकबाल बहादुर मिश्र और उनके पुत्र संदीप ने निर्माण कार्य रोकने को कहा। विरोध करने पर आरोपितों ने ट्रैक्टर से पिलर तोड़ दिए ।दीपचंद का कहना है कि दिसंबर 2024 में चचरी पुलिस चौकी पर ग्राम प्रधान की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ था। इसमें सात हाथ एक फीट की पक्की सड़क से उनके घर तक रास्ता देने और आवागमन में बाधा नहीं डालने पर सहमति बनी थी। इसके बावजूद विवाद किया गया ।पीड़ित का आरोप है कि निर्माण कार्य को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपितों ने घर में घुसकर उन पर, उनकी पत्नी पूजा और मां नीलम पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इसमें उनकी पत्नी को गंभीर चोटें आईं। आरोपितों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार राय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले में नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

भैंस निकालने को लेकर भिड़े दो पक्ष, पांच घायल

गोण्डा।धानेपुर थाना क्षेत्र के पूरे लदई गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई ।पांच लोगों के घायल होने की सूचना है। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी कृष्णा देवी के मुताबिक, 29 अक्टूबर की सुबह वह भैंस लेकर विपक्षी के दरवाजे के सामने से रास्ते पर जा रही थीं। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों नेअपशब्द कहते हुए पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर उन्हें बचाने पहुंची बेटी अनीसा और बेटे साजन के साथ भी मारपीट की गई। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इस घटना में तीनों को चोटें आईं पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी उनके दरवाजे पर पहुंचे अपशब्द कहते हुए मारपीट करने लगे।

लोकतंत्र बचाना है तो सांप्रदायिक ताकतों को हराना होगा - सुभाषिनी अली

गोण्डा। देश और लोकतंत्र की रक्षा करनी है तो सांप्रदायिक एवं देशविरोधी ताकतों को परास्त करना होगा। मौजूदा सांप्रदायिक राजनीति उग्र हिंदुत्व की वकालत करती है, जबकि उसका हिंदू धर्म और उसकी मान्यताओं से कोई सरोकार नहीं है। उग्र हिंदुत्व एक राजनीतिक विचारधारा है, जो शोषण और असमानता पर आधारित व्यवस्था कायम करना चाहती है। यह विचारधारा अल्पसंख्यकों के साथ दलितों को भी अपना विरोधी मानती है और इसी कारण डा. भीमराव आंबेडकर के संविधान पर भी हमला करती है। यह बात भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की नेत्री एवं पूर्व सांसद कामरेड सुभाषिनी अली ने कही ।वह शनिवार को शहर के बहराइच रोड स्थित एक निजी लॉन में आयोजित माकपा के 17 जिलों के जिला कमेटी सदस्यों के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन संबोधित कर रही थीं। प्रशिक्षण का विषय %सांप्रदायिक हिंदुत्व की राजनीति और जाति का प्रश्न% था। पूर्व सांसद सुभाषिनी अली ने कहा कि सांप्रदायिकता का धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। यह एक राजनीतिक हथियार है, जिसका इस्तेमाल अंग्रेजों ने भारत को गुलाम बनाए रखने के लिए किया था। आजादी के आंदोलन के दौरान मुस्लिम लीग का गठन हुआ और इसके बाद हिंदू महासभा की स्थापना हुई। इसमें स्वयं को सेक्युलर कहने वाले कांग्रेस के शीर्ष नेता भी शामिल थे ।उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक राजनीति समाज को बांटने और असमानता को बढ़ावा देने का काम करती है।

सीओ ने पुलिसकर्मियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ



कैसरगंज, बहराइच ।भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने सरदार पटेल के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद उन्होंने पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई ।सीओ ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में अतुलनीय योगदान रहा है। उनके आदर्शों और विचारों से प्रेरणा लेकर सभी को राष्ट्र की एकता एवं सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए ।इस मौके पर थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय सहित थाने के पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151 वीं जयंती

श्रावस्ती । लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151 वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग एवं अधिकारियों/कर्मचारियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' की शपथ भी दिलायी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सरदार पटेल की 151 वीं जयंती पर हम सब उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं। उनके कार्यों से प्रेरणा लेकर हम समाज में एकता, समरसता और विकास को आगे बढ़ाएंगे।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर जिले में उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस



बलरामपुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साह, उमंग एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्पोर्ट्स स्टेडियम से कलेक्ट्रेट तक भव्य ''रन फॉर यूनिटी (एकता दौड)'' का आयोजन किया गया। एकता दौड में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, खिलाडियों, अधिकारियों कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा देश की एकता, अखंडता एवं भाईचारे का संदेश दिया। प्रतिभागियों ने राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को सुदृढ बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने छात्र-छात्राओं, खिलाडियों एवं उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने तथा देशवासियों के बीच एकता एवं सद्भावना की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में दौड प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें खिलाडियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी खेल प्रतिभा एवं शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाडियों को जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने मेडल पहनाकर एवं टी-शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप केला, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), आईजी स्टाम्प सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारीगण, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं खिलाडी उपस्थित रहे। लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जनपद में आबकारी विभाग द्वारा नशामुक्त भारत के निर्माण का संदेश देते हुए विभिन्न विद्यालयों में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग, नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया गया।

सरदार वल्लभभाई पटेल बालिका इंटर कॉलेज, श्रीदत्तगंज, उतरौला में भी राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इंटरमीडिएट की छात्राओं को नशीली दवाओं के दुरुपयोग से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त भारत बनाने का संकल्प दिलाया गया। जिला कांग्रेस कमेटी, जनपद बलरामपुर के तत्वावधान में भारत के पूर्व गृहमंत्री, 'लौह पुरुष' व भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती तथा भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन तहसील परिसर स्थित कैंप कार्यालय में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

एक नजर

वृहद विधिक सेवा सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन आज

श्रावस्ती। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती ने बताया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती के तत्वाधान में पात्र लोगों को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए 01 नवंबर 2026 को स्थान तथागत सभागार कलेक्टेऊट परिसर भिनगा श्रावस्ती में मेगा/वृहद विधिक सेवा सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन पर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश श्रावस्ती, श्री रमेश चन्द-। के आदेशानुसार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती श्रीमती अनुप्रिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में जरूरतमंदों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने की पहल की जाएगी। मेगा कैंप की तैयारियों को लेकर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती एवं नोडल अधिकारी, मेगा कैम्प/अपर जिलाधिकारी, श्रावस्ती द्वारा जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने विभागों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को चिह्नित कर उनकी सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती कार्यालय को उपलब्ध कराएं, ताकि समयबद्ध तरीके से उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके।

जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



तुलसीपुर/बलरामपुर। स्थानीय ईशावास्यम इंटर कॉलेज तुलसीपुर में ई-वेस्ट (इलेक्ट्रॉनिक कचरा) जागरूकता को लेकर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी हेमंत कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उपजिलाधिकारी श्री गुप्ता ने छात्रों से ई-वेस्ट के बारे में विस्तार से जानकारी ली और संवाद किया। उन्होंने छात्रों से पूछा कि पुराने मोबाइल, लैपटॉप, चार्जर, बैटरी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का निस्तारण कैसे किया जाना चाहिए। छात्रों ने भी उत्साह के साथ अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज के दौर में इलेक्ट्रॉनिक कचरा सबसे बडी पर्यावरणीय चुनौती बनता जा रहा है। इसे खुले में फेंकने से मिट्टी, पानी और हवा प्रदूषित होती है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। इसलिए ई-वेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से पुनर्चक्रण जरूरी है। उन्होंने बच्चों को ई-वेस्ट को कूडे में न फेंककर अधिकृत कलेक्शन सेंटर पर जमा करने की अपील की और कहा कि युवा ही इस अभियान को घर-घर तक पहुंचा सकते हैं। इस दौरान उन्होंने बच्चों के पर्यावरण के प्रति उत्साह की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन भी किया इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधकगण आद्या प्रसाद पाण्डेय अक्षत पांडे डाक्टर शिरीश पांडे प्रधानाचार्य शाकिर अली शिक्षकगण और बडी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

नदियों के संरक्षण, स्वच्छता, अविरलता एवं निर्मलता के प्रति जनसामान्य को किया जाएगा जागरूक

बहराइच । नदियों के संरक्षणए स्वच्छता अविरलता एवं निर्मलता के प्रति जनसामान्य को जागरूक करने तथा नदी संरक्षण के अभियान में आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन एवं राज्य स्वच्छ गंगा मिशनए उत्तर प्रदेश के दिशा.निर्देशों के क्रम में जिला गंगा समितिए बहराइच के तत्वावधान में ग्राम तप्पे सिपाह स्थित घाघरा नदी के घाट पर 04 नवंबर 2026 को अपरान्ह 05:00 बजे ग्राम तप्पे सिपाह स्थित घाघरा नदी के घाट पर जिला गंगा समितिए बहराइच के तत्वावधान में भव्य गंगा उत्सवए स्वच्छता अभियानए पौधरोपण एवं गंगा आरती का कार्यक्रम प्रस्तावित है ।यह जानकारी देते हुए प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच सुंदरेशा ने बताया कि घाघरा नदी के तट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा नदी के तट पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने का संदेश दिया जाएगा।

पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं वाहन स्वामी- डीएफओ

बहराइच । प्राधिकृत अधिकारीध्प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच वन प्रभागए बहराइच ने बताया कि 05 दिसम्बर 2025 को समय 04:30 बजे थाना कैसरगंज पुलिस बल व वन विभाग कर्मियों द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक नील गाय को भाले व बॉके से मारकर शिकार करने हेतु ग्राम.कोहली में 08 व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्तियों के निशानदेही पर अजय सिंह पुत्र बजरंग सिंह निवासी.कोहली थाना. कैसरगंज जिला.बहराइच के बाग से एक अदद मृत नील गाय के शव की बरामदगी की गयी जिसके शरीर पर भाले व बॉके से मारे जाने का निशान मौजूद पाया गयाए शव को कब्जे में लिया गया।

रिमझिम बरसात के बीच श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का हुआ भव्य शुभारंभ



तुलसीपुर/बलरामपुर। ग्राम अर्जुनपुर में मौसम के बदले मिजाज के बावजूद आस्था का सैलाब उमड पडा। रिमझिम बरसात के बीच श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा स्थल पर विधि-विधान से वेदी पूजन के साथ सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ शुरू हो गया। कथा स्थल पर पहुंचने के बाद यज्ञ आचार्य देवीपाटन मंदिर के पुरोहित पं0 मातेश्वरी प्रसाद त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच वेदी पूजन कराया। पूजन के बाद उपस्थित सैकडों श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती कर क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और अच्छी फसल की कामना की। पूरे कथा पंडाल में जय श्री राधे, जय श्री कृष्ण और हर हर महादेव के जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। बरसात भी श्रद्धालुओं की आस्था को डिगा नहीं सकी। छाता और पन्नी ओढकर बडी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु पंडाल में अंत तक जमे रहे। कथा व्यास अयोध्या धाम से पधारे पं. श्रीकृष्ण पांडे महाराज ने प्रथम दिवस पर शुकदेव-परीक्षित संवाद और राजा परीक्षित के जन्म का पावन प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि जिस घर में भागवत कथा होती है, वहां स्वयं लक्ष्मी-नारायण वास करते हैं। कलियुग में भागवत कथा ही जीव के कल्याण का सबसे सरल मार्ग है। कथा सुनने से जीवन के समस्त पाप नष्ट होते हैं और मन को असीम शांति मिलती है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान इंदू सिंह एवं भाजपा के पूर्व जिला मंत्री राम प्रसाद सिंह हैं। पूरे आयोजन को सफल बनाने में कलहंस परिवार के सभी सदस्य तन-मन से जुटे हुए हैं।

लाइन फाल्ट के चलते अन्धकार में डूबा जमुनहा क्षेत्र

गिरंट बाजार श्रावस्ती। जमुनहा क्षेत्र में रुक रुक कर हुई बारिश के कारण शुक्रवार दोपहर से 33/11 केवी बहराइच से विद्युत उपकेंद्र उरलहवा बंजारनपुरवा व विद्युत उपकेंद्र मल्हीपुर फाल्ट होने के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित है। जिसके चलते हरदत्त नगर गिरंट जमुनहा मल्हीपुर बदला चौराहा तुलसीपुर आदि सभी गांव की बिजली गुल रही। उरलहवा के अवर अभियंता विवेक कुमार कुशवाहा 132 केवी बहराइच में भारी बारिश होने के बावजूद भी डटे रहे। वहीं दो संविदा लाइन मैन बिजली फाल्ट ढूंढने के लिए रात में बारिश के दौरान हर पोल को चेक करते रहे। मगर अधिक बारिश व ठंड के चलते लाइन फाल्ट ढूंढने में विफल रहे तथा घर वापस चलें आए । बिजली कर्मियों की मानें तो जेई कई संविदा विद्युत कर्मियों को फाल्ट ढूंढने के लिए निर्देशित किया था जिसमें दो ही फाल्ट ढूंढने के लिए निकले जबकि अन्य बिजली कर्मी सम्पर्क से बाहर रहे । वहीं जेई बहराइच उरलहवा 33/11 की विद्युत लाइन का शेड डाउन लेकर फाल्ट सही कराने के लिए डटे रहे और संविदा बिजली कर्मी आदेश पर भी बात को नजर अंदाज कर गायब रहे ।